


जयंती आज
राष्ट्रीय एकताके सूत्रधार
सरदार वल्लभभाई पटेल

भाजन

पुण्य तिथि आज
भारतकी आयरन लेडी
इंदिरा गांधी



प्रयागराज, शनिवार ३१ अक्तूबर, २०२६ सौर १४, कार्तिक कृष्ण ६, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित। नगर संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

दिल्लीमें होनेवाले मार्च-रैलीमें आनेवालों को रोकने की हो रही कोशिश-राहुल

बारिशके चलते अब आज होगा ज्ञानेश कुमारके खिलाफ सार्वजनिक महाभियोग कार्यक्रम



नयी दिल्ली (आससे.)। वोट चोरी को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया गठबंधन का सार्वजनिक महाभियोग कार्यक्रम अब 31 अक्टूबर, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 10 राजाजी मार्ग स्थित आवास पर होने वाले इस कार्यक्रम की तारीख में बारिश के चलते परिवर्तन किया गया है। शुक्रवार को 10 राजाजी मार्ग पर इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पत्रकारों को बताया कि बारिश को देखते हुए सभी विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से कार्यक्रम को एक दिन आगे बढ़ाने का फैसला किया है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा 'इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। राहुल गांधी ने कहा कि रविवार को रामलीला मैदान तक विपक्षी दलों की ओर से मार्च भी निकाला जाएगा, जिसमें सामाजिक संगठनों, सिविल सोसायटी, पत्रकारों और आम लोगों का भी स्वागत है।वोट चोरी के खिलाफ रविवार को दिल्ली में रामलीला मैदान तक होने वाले मार्च और रैली को लेकर राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

तीसरी बार सरकार बननेपर यूपी में लागू होगा यूसीसी-अमित शाह



भाजपा कार्य समितिकी बैठकमें कहा-यूपीमें भाजपा अंगदका पैर

लखनऊ (आससे.)। लखनऊ में भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि 2027 में यूपी में तीसरी बार सरकार बनने पर प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को यूपी से कोई हटा नहीं सकता है। यूपी में 30 अक्तूबर का बड़ा योगदान है। आज के ही दिन 1990 में अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां चलाई गई थीं।मैं पूछना चाहता हूं कि आप किस मुंह से सरकार बनाने की बात करते हैं। आपने रामभक्तों पर गोलियां चलाईं हमने राम मंदिर बना दिया। आपकी तीसरी पीढ़ी को भी जनता माफ नहीं करेगी। कल्याण सिंह ने सरकार की चिंता किए बिना विवादित ढांचे को ध्वस्त कराया था। उन्होंने कहा कि यूपी में भाजपा सरकार अंगद का पैर है उसे कोई नहीं हटा सकता है। उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है कोई दुविधा नहीं है। यूपी में तीसरी बार सरकार बना दो यहां भी यूसीसी लागू करेंगे।गृहमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

बद्रीनाथका दर्शन कर लौटते समय चमोली में हेलीकाप्टर हादसा, छहकी मौत



यूकाडाने ट्रांस भारत एविएशनके सभी हेलीकाप्टरोंकी उड़ानपर लगायी रोक

चमोली (एजेंसी)। हेलीकॉप्टर में सवार तीर्थयात्री देश के प्रथम गांव माणा घूमने भी गए थे। इसके बाद सभी हेलीकॉप्टर से सहस्त्रधारा लौट रहे थे। इसी दौरान ज्योतिर्मठ क्षेत्र में यह दर्दनाक हादसा हो गया। उत्तराखंड में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। खराब मौसम के बीच बदरीनाथ धाम से सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट के लिए रवाना हुआ ट्रांस भारत एविएशन का हेलीकॉप्टर ज्योतिर्मठ क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार पायलट समेत सभी छह लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर हाथी पहाड़ के ऊपर चांई गांव और लामबगड़ के बीच जंगल में दुर्घटनाग्रस्त **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

राहत बचाव कार्य जारी

देहरादून (एजेंसी)। बदरीनाथ धाम से सहस्त्रधारा लौट रहे हेलीकॉप्टर के क्रैश होने के बाद अब यूकाडा ने ट्रांस भारत एविएशन के सभी हेलीकॉप्टरों की उड़ान पर रोक लगा दी गई है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रतीक जैन ने बताया कि ट्रांस भारत एविएशन का एक हेलीकॉप्टर दोपहर 1ः14 बजे बदरीनाथ से सहस्त्रधारा के लिए रवाना हुआ था। जब यह हेलीकॉप्टर जोशीमठ घाटी के आसपास से गुजर रहा था, तब से हम इसका पता नहीं लगा पा रहे हैं। यह जानकारी मिलते ही, हमने चमोली जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और सेना की एक टुकड़ी को घटना स्थल के पास भेजा, ताकि एक व्यवस्थित बचाव अभियान चलाया जा सके। शुरुआती जानकारी के अनुसार, इसमें छह लोग सवार थे। एक पायलट और पांच अन्य सवार थे।

वाराणसी-दिल्लीके बीच आजसे दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

मुख्यमंत्री योगी-रेलमंत्री दिखायेंगे हरी झंडी



नयी दिल्ली (आससे.)। उत्तर प्रदेश को पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। वाराणसी से नयी दिल्लीके बीच चलने वाली इस ट्रेनको 31 अक्टूबर को हरी झंडी दिखाई जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तर प्रदेशके मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ वाराणसी में इसका शुभारंभ करेंगे। लगभग 966 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह ट्रेन रात में वाराणसी से रवाना होकर अगले दिन सुबह दिल्ली पहुंचेगी। प्रस्तावित समय-सारणी के अनुसार, इस सफरमें लगभग नौ घंटे लगेंगे। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस ट्रेन का उद्देश्य लंबी दूरी की रात्रिकालीन यात्रा को अधिक तेज, आरामदायक और सुविधाजनक बनाना है। **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

कानपुरमें ट्रैक पार कर रहे दो युवकों को ट्रेन ने रौंदा

कानपुर (आससे.)। पनकी पड़ाव रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने के बावजूद रेलवे ट्रैक पार करने की लापरवाही दो युवकों की जान ले गई। बृहस्पतिवार रात करीब 7ः45 बजे कानपुर से इटावा की ओर जा रही ऊंचाहार एक्सप्रेस ने ट्रैक पार कर रहे एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रेन उसे करीब 100 मीटर तक घसीटती ले गई। इस दौरान उसके ठीक पीछे आ रहा करीब 30 वर्षीय दूसरा युवक भी ट्रेन की चपेट में आ गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान संजीव कुमार उर्फ संजू (35) पुत्र भीखम सिंह के रूप में हुई। वह मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के समान कटरा गांव का रहने वाला था।

९.३४ करोड़ किसानोंके खातेमें भेजी गयी पीएम किसान सम्मान निधि



लखनऊ (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की। इसमें देश भर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 18,690 करोड़ रुपये भेजे गए। उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ से अधिक किसान इससे लाभान्वित हुए, जिनके खाते में 4482.19 करोड़ रुपये की 'सम्मान निधि' आई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट कर दीपावली से पहले इस उपहार के लिए किसानों की तरफ से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित हुई। इसमें पात्र किसान परिवार के **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

सौरव दास की नागरिकता की होगी जांच

चेन्नई (एजेंसी)। मद्रास हाईकोर्ट ने पत्रकार और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवक्ता सौरव दास की पहचान और राष्ट्रीयता की जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की है। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार, सौरव दास और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में दास की नागरिकता और पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच कराने के साथ ही उनके सोशल मीडिया खातों को बंद करने की मांग भी की गई है। मामला अब अदालत में विचाराधीन है। मद्रास हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

पाकिस्तानके भट्टी नेटवर्क से जुड़े चार संदिग्ध गिरफ्तार

पिस्टल, कारतूस बरामद, पुलिस-सेनाके जवान की हत्याके लिए किया था सौदा

लखनऊ (आससे.)। प्रतिबंधित शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े चार लोगों को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया है।



इनमें पंजाब के तीन युवक और एक नाबालिग शामिल है। आरोप है कि पाकिस्तानी हैंडलर राना भाई के कहने पर वे लखनऊ में पुलिस या सेना के किसी जवान की हत्या करने आए थे। इसके लिए उन्हें तीन लाख रुपये देने का वादा किया गया था। एटीएस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल और 20 कारतूस बरामद किए हैं।एटीएस के मुताबिक, उसे सूचना मिली थी कि शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े पंजाब के कुछ युवक सेना या पुलिस के किसी प्रतिष्ठान पर हमला करने की फिराक में हैं।

